DOVER CORPORATION

# आपूर्तिकर्ता आचार संहिता



# हमारे मानक

1955 में Dover की स्थापना के बाद से, दुनियाभर में हमारी टीमें सत्यनिष्ठा के साथ कामकाज करने, गुणवत्ता के लिए हमारी प्रतिष्ठा को सुरक्षित करने और बढ़ाने, तथा हमारे ग्राहकों को उत्कृष्ट उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने को लेकर अडिग रहीं हैं। हमारी सेवा वाले हर बाजार में Dover को अग्रणी के रूप में स्थापित करने के हमारे प्रयासों का यह एक आवश्यक भाग है। Dover में हम सभी को इस बात पर गर्व है हम जो भी करते हैं उसमें हमने अपने व्यवसाय को इतने वर्षों से ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ संचालित किया है।

Dover कानूनी अनुपालन और नैतिक तरीके से व्यवसाय करने की अपनी प्रतिष्ठा को महत्व देती है। इस प्रतिबद्धता के साथ, Dover उन लोगों के साथ व्यवसाय करती है जो उसकी संस्कृति, मूल्यों, और नैतिक व्यावसायिक व्यवहारों को साझा करते हैं। Dover ने अपने आपूर्तिकर्ताओं के मार्गदर्शन के लिए यह आपूर्तिकर्ता आचार संहिता विकसित की है कि कैसे दुनियाभर में अपने परिचालनों में नैतिक, जिम्मेदार, और कानूनी व्यावसायिक व्यवहारों में संलग्न हुआ जाए।

इस आपूर्तिकर्ता संहिता में निर्धारित आवश्यकताएं उन मानकों को परिलक्षित करती हैं जिन्हें Dover अपने कर्मचारियों, अधिकारियों, और निदेशकों के लिए तय करती है, जैसा कि Dover व्यावसायिक आचरण और नैतिकता संहिता में वर्णन किया गया है।

**Dover चाहती है कि उसके आपूर्तिकर्ता:**

- ईमानदारी, और सत्यनिष्ठा, और नैतिकतापूर्वक कार्य करें
- अपने व्यवसाय वाले देशों में लागू होने वाले कानूनों और विनियमों को समझें और उनका पालन करें
- इस आपूर्तिकर्ता संहिता को पढ़ें, समझें और पालन करें
- इस आपूर्तिकर्ता संहिता का अपने प्रत्येक अधिकारी, निदेशक, कर्मचारियों, अन्य कामगारों, प्रतिनिधियों, एजेंटों, ठेकेदारों, उप-ठेकेदारों, और -टियर स्रोतों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करें जो Dover को प्रदान किए जाने वाले उत्पादों और सेवाओं से संबंधित खरीद और उत्पादन प्रक्रियाओं में शामिल हैं।
- निरीक्षणों, ऑडिट, और जांचों में सहयोग करें



**परिचय** ....................4
क. उद्देश्य और प्रयोज्यता ....................4

**लागू कानूनों, नियमों, और विनियमों का पालन** ....................5
क. रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार-रोधी ....................5
ख. उपहार, मनोरंजन, और आतिथ्य ....................5
ग. वैश्विक व्यापार अनुपालन ....................5
घ. उचित व्यवहार और प्रतिस्पर्धा कानून ....................6
च. हित के टकराव ....................6
छ. मनी लॉन्ड्रिंग रोधी ....................6
ज. संघर्षी खनिज ....................7
झ. मानव अधिकार ....................7
ट. पर्यावरण ....................7
ठ. अंदरूनी जानकारी ....................7
ड. उत्पाद अनुपालन ....................7

**Dover की परिसंपत्तियों, जानकारी, और प्रतिष्ठा की सुरक्षा करें** ....................8
क. बौद्धिक संपदा ....................8
ख. गोपनीय जानकारी, डेटा सुरक्षा, और निजता ....................8
ग. सटीक बहीखाते और अभिलेख, अभिलेख प्रबंधन और निरीक्षणों ऑडिट, और जांचों को लेकर सहयोग ....................8

**निष्पक्ष और सुरक्षित कार्यस्थल बनाए** ....................9
क. सुरक्षा ....................9
ख. नैतिक रोजगार प्रथाएं, उत्पीड़न, और गैर-भेदभाव नीति ....................9

**समस्याओं के बारे में शिकायत करने के तरीके** ....................10

किसी व्यवसाय में संलग्न होने से पहले और/या किसी मौजूदा व्यावसायिक संबंध के दौरान, Dover अपनी व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने और लागू कानूनों, विनियमों, और इस आपूर्तिकर्ता संहिता के अनुपालन का मूल्यांकन करने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं और उनके मालिकों और प्रमुख अधिकारियों की छानबीन करती है। इस छानबीन में निगरानी सूचियां और प्रतिबंध सूचियां, पृष्ठभूमि की जांच करना, तथा कंपनियों और व्यक्तियों के बारे में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध अन्य जानकारियों की जांच करना शामिल हो सकता है। हमारे द्वारा आपकी व्यक्तिगत जानकारी का कोई भी उपयोग www.dovercorporation.com पर उपलब्ध हमारे निजता नोटिस के अनुसार किया जाएगा। एकत्रित किए गए अभिलेख Dover की नीति के अनुसार प्रबंधित किए जाएंगे और अनुरोध पर देखे जा सकते हैं।

# परिचय

## क. उद्देश्य और प्रयोज्यता

यह आपूर्तिकर्ता आचार संहिता Dover के साथ व्यवसाय करने की आवश्यकताओं को निर्धारित करते हुए Dover व्यावसायिक आचरण और नैतिकता संहिता की पूरक है। Dover चाहती है कि उसके आपूर्तिकर्ता इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का पालन करें, जैसा कि हमारे आपूर्तिकर्ता अनुबंधों के नियम और शर्तों में बताया गया है, और इसकी आवश्यकताओं को Dover के व्यवसाय में सहायता करने वाले अपने कर्मचारियों, और व्यावसायिक भागीदारों तक पहुंचाए। Dover अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करती है कि वे इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का उपयोग अपने परिचालनों में नैतिक, जिम्मेदार, और कानूनी व्यावसायिक व्यवहारों के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में करेंगे। Dover समय-समय पर आपूर्तिकर्ताओं से इस आपूर्तिकर्ता संहिता में चर्चित विषयों पर प्रशिक्षण में शामिल होने का अनुरोध कर सकती है।

यह आपूर्तिकर्ता संहिता आपूर्तिकर्ताओं के लिए संविदात्मक अधिकार निर्मित नहीं करती है। Dover समय-समय पर इस आपूर्तिकर्ता संहिता को अपडेट करेगी और अपने आपूर्तिकर्ताओं से अद्यतन बने रहने की अपेक्षा करती है।

"Dover" से आशय Dover Corporation से है, जिसमें इसके सेगमेंट, प्लेटफॉर्म, परिचालन कंपनियां, और सहायक कंपनियां शामिल हैं।

"आपूर्तिकर्ता संहिता" से आशय इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता से है। "आपूर्तिकर्ता" या "आप" से आशय Dover को वस्तुओं और सेवाओं का विक्रय करने वाली या विक्रय करने की इच्छुक आपूर्तिकर्ता के कर्मचारी, अन्य कामगार, प्रतिनिधि, एजेंट, ठेकेदार, उप ठेकेदार और अन्य उप-टियर स्रोत सहित किसी कंपनी, कॉर्पोरेशन, अन्य संस्थाओं, या व्यक्तियों (जैसे कि, बगैर सीमा के, आपूर्तिकर्ता, वितरक, परामर्शदाता, एजेंट, और अन्य तृतीय पक्ष के प्रदाता) से है।



# लागू कानूनों, नियमों, और विनियमों का पालन करें

प्रत्येक आपूर्तिकर्ता को उन देशों में अपने व्यवसाय पर लागू होने वाले सभी कानूनों और विनियमों को का पालन अवश्य करना चाहिए जिसमें वे व्यवसाय करते हैं। हालांकि कानून, विनियम, व्यावसायिक व्यवहार और रीति-रिवाज एक से दूसरे देश में बहुत भिन्न हो सकते हैं, फिर भी यह आपूर्तिकर्ता आचार संहिता उन न्यूनतम अपेक्षाओं को निर्धारित करती है जो Dover के सभी आपूर्तिकर्ताओं को पूरा करना आवश्यक है।

### क. रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार रोधी

व्यवसाय हासिल करने या कोई अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए, रिश्वत अन्य अनुचित भुगतान या मूल्यवान वस्तुओं की पेशकश करना अस्वीकार्य है, भले ही इसके परिणामस्वरूप व्यवसाय की हानि हो जाए या कठिनाइयों का सामना करना पड़े (उदाहरण के लिए, परमिट या लाइसेंस प्राप्त करने में देरी)। रिश्वत और अन्य भ्रष्ट भुगतानों की पेशकश, देना, स्वीकार करना, या मांग करना विभिन्न रिश्वतखोरी-रोधी कानूनों का उल्लंघन कर सकते हैं और व्यक्तियों, Dover के आपूर्तिकर्ताओं, और Dover को दीवानी और आपराधिक देयताओं और गंभीर जुर्मानों का सामना करना पड़ सकता है। उल्लंघन का परिणाम भविष्य के सरकारी ठेकों की हानि भी हो सकता है। Dover के आपूर्तिकर्ताओं को किसी भी तृतीय पक्ष, सार्वजनिक या निजी के साथ भ्रष्टाचार, जबरिया वसूली, या गबन में शामिल होने का निषेध किया जाता है, चाहे किसी आपूर्तिकर्ता के कर्मचारी द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या तृतीय पक्षों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से पेशकश, स्वीकृति या मांग की गई हो।

**लाल झंडियों के उदाहरण**

- असाधारण या एकाधिक उपहारों या मनोरंजन की पेशकश
- वे तृतीय पक्ष जो अपने खर्च को स्पष्ट रूप से लेखाबद्ध नहीं करते हैं या जिनका कमीशन प्रदान की गई सेवाओं के अनुपात में अधिक लगता है
- ग्राहक या अधिकारी जो संकेत या सुझाव देते हैं कि व्यवसाय या जानकारी प्राप्त करने के लिए कुछ भुगतान करने होंगे
- अनुरोध कि कोई तृतीय पक्ष किसी अधिकारी को किसी मामले के निपटान में तेजी लाने के लिए भुगतान करे जैसे कि कस्टम क्लियरेंस
- किसी परिजन की नियुक्ति का अनुरोध
- राजनीतिक या धर्मार्थ अंशदानों का अनुरोध

### ख. उपहार, मनोरंजन, और आतिथ्य

किसी उपहार, एहसान, भोजन, मनोरंजन, या आतिथ्य की Dover के किन्हीं कर्मचारियों, ग्राहकों, या अन्य व्यावसायिक भागीदारों या उनके परिजनों को पेशकश करते या उनसे स्वीकार करते समय Dover के आपूर्तिकर्ताओं को इस आपूर्तिकर्ता संहिता और लागू कानूनों और विनियमों को समझने और उनका अनुपालन करने की आवश्यकता है। ऐसा कोई भी उपहार, मनोरंजन, या आतिथ्य पारंपरिक क्षेत्रीय व्यावसायिक व्यवहारों और प्राप्तकर्ता की नीतियों के अनुरूप अवश्य होने चाहिए–और उन्हें सार्वजनिक रूप से प्रकट होने पर Dover या आपूर्तिकर्ता की प्रतिष्ठा को प्रभावित नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, Dover के आपूर्तिकर्ताओं को इन व्यवहारों में संलग्न होने पर किसी हित के टकराव का निर्माण या ऐसा होने का आभास नहीं देना चाहिए।

**लाल झंडियों के उदाहरण**

- किसी सरकारी अधिकारी को शामिल करने वाले उपहार या मनोरंजन
- मामूली कीमत से अधिक के उपहार या मनोरंजन
- उपहार देने वाले व्यक्ति के बारे में निर्णय लेने की स्थिति वाले Dover कर्मचारी को किसी भी कीमत के उपहार या मनोरंजन की पेशकश
- अनुचित उपहार जैसे नकदी
- किसी टेंडर प्रक्रिया के दौरान उपहार या मनोरंजन की पेशकश

### ग. वैश्विक व्यापार अनुपालन

Dover के आपूर्तिकर्ताओं को सभी लागू अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों और विनियमों का पालन करने की आवश्यकता है, जिसमें आयात, निर्यात, और पुनर्निर्यात नियंत्रण विनियम, साथ ही साथ लागू व्यापार निषेध (एम्बार्गो), प्रतिबंध, और बहिष्कार-रोधी कानून शामिल हैं।

**लाल झंडियों के उदाहरण**

- वे आपूर्तिकर्ता जो आयातित वस्तुओं पर शुल्क कम करने के लिए आयात के साथ कम मूल्य वाले चालान (इनवॉइस) प्रदान करने की कोशिश करते हैं या जो डंपिंग-रोधी शुल्क से बचने के लिए चालान में वस्तुओं का गलत वर्गीकरण करते हैं
- वे आपूर्तिकर्ता जो मूल देश को छिपाने के लिए उत्पादों को ट्रांसशिप (दूसरी जगह से शिपिंग) करते हैं या वह सामग्री जो आयात करने वाले देश संबंधी निषेधों या प्रतिबंधों के अधीन है
- वे आपूर्तिकर्ता जो प्रतिबंधित देशों में व्यवसाय करते हैं और/या प्रतिबंधित आर्थिक बहिष्कारों का समर्थन करते हैं

### घ. निष्पक्ष व्यवहार और प्रतिस्पर्धा कानून

Dover निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा करके और ग्राहकों तथा व्यावसायिक भागीदारों के साथ सच्चाई से व्यवहार करके, हेर-फेर, छिपाने, गोपनीय जानकारियों के दुरुपयोग, भौतिक तथ्यों की गलतबयानी, या किन्हीं अन्य अनुचित लेनदेन वाले व्यवहार के बगैर सफल होती है। Dover के आपूर्तिकर्ताओं को विज्ञापनों, बिक्री, और प्रतिस्पर्धा में व्यावसायिक मानदंडों को कायम रखने की आवश्यकता है।

Dover के आपूर्तिकर्ताओं को वहां लागू स्पर्धा-रोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करने की आवश्यकता है जहां पर भी वे व्यवसाय करते हैं। ये कानून प्रतिस्पर्धियों के बीच ऐसे समझौतों को निषिद्ध करते हैं जो कीमतों, लागतों, बिक्री के नियम और शर्तों, ज़िन बाज़ारों में वे प्रतिस्पर्धा करेंगे, या जिन ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं से वे व्यवसाय करेंगे उन्हें प्रभावित करते हैं। ये कानून वितरण समझौतों, कटौतियों (रिबेटस), छूटों (डिस्काउंट्स), या पुनर्विक्रेताओं पर क्षेत्रीय निषेधों (रेस्ट्रिक्शंस) को भी नियंत्रित कर सकते हैं।

**लाल झंडियों के उदाहरण**

- कोई भी प्रतिस्पर्धी जो कीमत, बोली, बिक्री, क्षेत्रों, या जिनके साथ वे व्यवसाय करेंगे उन तृतीय पक्षों जैसी प्रतिस्पर्धी जानकारी की चर्चा करने का प्रयास करता है
- ट्रेड एसोसिएशन, बैठकों या उन कार्यक्रमों में जहां पर प्रतिस्पर्धी भी मौजूद हैं, ऐसी चर्चा करना जो कीमतों, बाजारों, मुनाफे, या अन्य विषयों से संबंधित है जिसमें प्रतिस्पर्धियों की रुचि हो सकती है।
- गलतबयानी, धोखा, चोरी, जासूसी, या रिश्वतखोरी जैसे गैरकानूनी या अनैतिक माध्यमों का उपयोग करते हुए प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी प्राप्त करना

### च. हित के टकराव

Dover के आपूर्तिकर्ताओं को, जहां भी संभव हो सके, आपूर्तिकर्ता के हित और Dover के हित के बीच वास्तविक या आभासी हित के टकराव में शामिल होने से बचना चाहिए। यह आपूर्तिकर्ता संहिता ऐसे किसी भी हित के टकराव के प्रकटीकरण और रोके न जा सकने वाले टकरावों के नैतिक प्रबंधन को आवश्यक करता है।

**लाल झंडियों के उदाहरण**

- किसी आपूर्तिकर्ता के कर्मचारी के पास Dover के किसी वर्तमान या भावी Dover के प्रतिस्पर्धी के यहां दूसरी नौकरी है
- किसी आपूर्तिकर्ता का Dover के किसी वर्तमान या भावी प्रतिस्पर्धी (सार्वजनिक कंपनियों में मामूली निवेश से अलग) में पर्याप्त स्वामित्व हित है
- आपूर्तिकर्ता का कोई कर्मचारी Dover में किसी प्रमुख संपर्क/निर्णयकर्ता का परिजन है या उसके साथ नजदीकी संबंध हैं (या इसके उलट)

### छ. मनी लॉन्ड्रिंग-रोधी

Dover केवल वैधानिक स्रोतों से प्राप्त फंड का उपयोग करते हुए वैधानिक व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं के साथ ही व्यवसाय करती है। Dover के आपूर्तिकर्ताओं को मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित लागू कानूनों का अनुपालन करने की आवश्यकता है।

**लाल झंडियों के उदाहरण**

- किसी ग्राहक या भागीदार की ओर से नकदी के रूप में कोई प्रस्तावित या वास्तविक भुगतान
- ग्राहक जो वस्तुओं और सेवाओं के लिए अधिक भुगतान करता है, और फिर वापसी की मांग करता है
- कोई भी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, एजेंट, या भागीदार जो अपूर्ण या संदिग्ध जानकारी प्रदान करता है
- किसी तृतीय पक्ष को/से भुगतान किया गया फंड, जो अनुबंध में शामिल नहीं है या उन देशों को/से जो आमतौर पर ग्राहक से संबद्ध नहीं हैं
- चालान (इनवॉस) में निर्दिष्ट मुद्रा से अलग मुद्राओं में भुगतान



### ज. संघर्षी खनिज

Dover के आपूर्तिकर्ताओं को संघर्षी खनिज वाली सामग्रियों या उत्पादों की खरीद से संबंधित बिचौलियों के मूल (देश) के संबंध में Dover द्वारा किए गए सम्यक छानबीन के अनुरोधों में सहयोग करना चाहिए, कि क्या वे सामग्रियां और उत्पाद कवर्ड देशों में खनन या उत्पादन किए गए हैं या रीसाइकल किए गए स्रोत से प्राप्त किए गए हैं, या अमेरिकी डॉड-फ्रैंक अधिनियम, धारा 1502 के तहत Dover की रिपोर्टिंग आवश्यकताओं के अनुपालन में हैं या नहीं। जहां किसी खरीद आदेश (परचेज ऑर्डर) या आपूर्ति समझौते में निर्दिष्ट किया गया है, आपूर्तिकर्ता कवर्ड देशों के इलाके में सशस्त्र संघर्ष का समर्थन करने के लिए खनन या उत्पादन किए गए संघर्षी खनिजों से मुक्त उत्पाद, घटक, पुर्जे, और सामग्रियां प्रदान करने के लिए किन्हीं भी Dover आवश्यकताओं का पालन करेंगे। अधिक जानकारी के लिए Dover की संघर्षी खनिज नीति देखें।

“संघर्षी खनिज” टिन (कैसिटराइट), टंगस्टन (वोल्फरमाइट), टैंटलम (कोलंबाइट-टैंटनाइट या कोल्टन), और सोना, और इन खनिजों से व्युत्पन्न धातुएं हैं। “कवर्ड देश” कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, अंगोला, बुरुंडी, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो गणराज्य, रवांडा, दक्षिणी सूडान, तंज़ानिया, यूगांडा, और ज़ाम्बिया हैं।

### झ. मानवाधिकार

Dover को इस तरीके से व्यवसाय करने में सक्षम करने के लिए जो मूलभूत मानवाधिकारों का सम्मान करता है और उन्हें कायम रखता है, आपूर्तिकर्ताओं को लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने की आवश्यकता है जो रोजगार के समान अवसर, भेदभाव और उत्पीड़न, संगठन बनाने की स्वतंत्रता, बाल और जबरिया मजदूरी, दासता, मानव तस्करी, और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जैसे मानवाधिकार के विषयों से जुड़े हैं। अधिक जानकारी के लिए, “उचित और सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखें ” देखें।





### ट. पर्यावरण

पर्यावरण, Dover के कर्मचारियों, और जिसमें वह परिचालन करती है उस समुदाय की दीर्घकालीन सकुशलता (वेलबींग) की रक्षा करने वाले सतत अभ्यासों के माध्यम से Dover शेयरधारकों और ग्राहकों के लिए आर्थिक मूल्य निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध है। Dover के आपूर्तिकर्ताओं को सभी लागू पर्यावरणीय कानूनों, विनियमों, और मानकों का अनुपालन करने और पर्यावरण पर किसी भी विपरीत प्रभाव को न्यूनतम करने की आवश्यकता है। Dover के आपूर्तिकर्ताओं को जल और ऊर्जा सहित प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, और अपशिष्ट, पैकेजिंग, और खतरनाक पदार्थों के उपयोग को कम या समाप्त करने का प्रयास भी अवश्य करना चाहिए। Dover आपूर्तिकर्ताओं से संवहनीयता की प्रतिबद्धताओं और प्रगति के संबंध में Dover की जानकारी के अनुरोधों का त्वरित जवाब देकर उसकी पर्यावरणीय रिपोर्टिंग में सहयोग करने की अपेक्षा करती है।

### ठ. अंदरूनी जानकारी

यदि आप ऐसी “अंदरूनी जानकारी” रखते हैं जो कि सार्वजनिक रूप से अनुपलब्ध महत्वपूर्ण जानकारी है, तो आपको Dover या किसी अन्य कंपनी की प्रतिभूतियों की खरीद या बिक्री नहीं करनी चाहिए। महत्वपूर्ण जानकारी (मैटीरियल इन्फॉर्मेशन) वह कोई भी जानकारी होती है जिसे कोई निवेशक किसी प्रतिभूति को खरीदने, बेचने या रखने का निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण मानता है (उदाहरण के लिए, किसी महत्वपूर्ण ठेके को हथियाने या गंवाने के बारे में जानकारी)। साथ ही, आप अन्य लोगों को अंदरूनी जानकारी नहीं दे सकते जो उसका उपयोग प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने में कर सकते हैं।

### ड. उत्पाद अनुपालन

Dover उन क्षेत्राधिकारों में उत्पादों के अनुपालन मानकों के लिए प्रतिबद्ध है जिनमें Dover और Dover के ग्राहक काम करते हैं। आपूर्तिकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि आपूर्तिकर्ताओं की सामग्रियां सभी लागू उत्पाद अनुपालन, रसायन और सामग्रियों के कानून, विनियमों और मानकों को पूरा करती हैं, Dover आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करती है कि वे अनुरोध पर सामग्रियों के संघटन से संबंधित संपूर्ण और सटीक जानकारी प्रदान करेंगे और Dover द्वारा आपूर्तिकर्ताओं को अधिसूचित सभी मानकों और आवश्यकताओं का पालन करेंगे।

# DOVER की परिसंपत्तियों, जानकारी और साख की रक्षा करें

Dover के आपूर्तिकर्ताओं को Dover की उन संपत्तियों के संरक्षण, सुरक्षा और जिम्मेदार उपयोग की आवश्यकता है जिन तक उनकी पहुंच है, और उन्हें चोरी, नुकसान, हानि और दुरुपयोग से बचाने की आवश्यकता है। इसमें भौतिक और आइडिया, नवाचार, प्रौद्योगिकी, ब्रांड जैसी अमूर्त संपत्ति और गोपनीय जानकारी और डेटा शामिल हैं।

### क. बौद्धिक सम्पदा

आपूर्तिकर्ताओं को बौद्धिक संपदा आधिकारों का सम्मान करने की आवश्यकता है Dover के साथ समझौते के दौरान और उसके बाद भी। अन्य से संबंधित पेटेंट, कॉपीराइट, और ट्रेडमार्क का उपयोग स्वामी की व्यक्त अनुमति के बगैर नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी प्रौद्योगिकी या तकनीकी जानकारी का स्थानांतरण या साझाकरण जानने की जरूरत के आधार पर और इस तरीके से किया जाना चाहिए जो बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा करे और स्थानीय कानूनों के अनुपालन में हो।

### ख. गोपनीय जानकारी, डेटा सुरक्षा और निजता

आपूर्तिकर्ताओं को Dover की संपत्तियों और गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करने की आवश्यकता है, जिसमें शामिल है सभी गैर-सार्वजनिक जानकारी, चाहे वह लिखित हो या मौखिक, जिसकी सुरक्षा में Dover का वैधानिक व्यावसायिक हित है। इसमें तकनीकी, डिजाइन, या प्रोसेस डेटा, सुधार, नए उत्पाद, विकासशील उत्पाद, खोज, मॉडल, मैनुअल, तकनीकी जानकारी, वित्तीय डेटा, मूल्य निर्धारण की जानकारी, व्यावसायिक विकास या अधिग्रहण की योजनाएं, विपणन की योजनाएं, परियोजना संबंधी प्रथाएं तथा ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं की सूचियां शामिल हैं। आपूर्तिकर्ताओं को उन सभी लागू निजता, जानकारी सुरक्षा और डेटा संरक्षण कानूनों का पालन करने की आवश्यकता है जो Dover द्वारा प्रदान किए गए डेटा की देखभाल, उपयोग, और प्रतिधारण को नियंत्रित करते हैं, जिनमें निजी और संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी शामिल हो सकती है।

**लाल झंडियों के उदाहरण**

- बगैर गोपनीयता समझौते के तृतीय पक्षों के साथ गोपनीय जानकारी की चर्चा करना
- यूरोपीय संघ से व्यक्तिगत डेटा शामिल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय डेटा स्थानांतरण
- बाहरी बैठकों में लापरवाही से गोपनीय जानकारी का खुलासा
- Dover के स्वामित्व वाली और गोपनीय जानकारी रखने वाले बगैर देखभाल वाले या असुरक्षित कंप्यूटर या मोबाइल उपकरण
- संदिग्ध स्रोतों से डेटा का अनुरोध
- डेटा प्रसंस्करण और क्लाउड कंप्यूटिंग के आपूर्तिकर्ताओं द्वारा गैर-पारदर्शी ढंग से उपठेका देना
- Dover के स्वामित्व वाली या गोपनीय जानकारी का उपयोग संलग्नता के दायरे से बाहर या आपूर्तिकर्ता के अन्य फायदों के लिए करना

### ग. सटीक बहीखाते और अभिलेख, अभिलेख प्रबंधन और निरीक्षणों ऑडिट, और जांचों को लेकर सहयोग

आपूर्तिकर्ताओं को लागू कानूनों के अनुसार दस्तावेजों और अभिलेखों को रखना होगा, जिनमें सटीक, समयबद्ध, और पूर्ण लेखे, गुणवत्ता रिपोर्टें, समय अभिलेख, खर्च की रिपोर्टें, और Dover, नियामक प्राधिकारों, या अन्य को सबमिशन शामिल हैं। इसमें कानून और इस आपूर्तिकर्ता संहिता का अनुपालन प्रदर्शित करने या किसी लंबित मुकदमे, ऑडिट, या जांच के लिए प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज भी शामिल हैं। आपूर्तिकर्ताओं को इस आपूर्ति संहिता के अनुपालन के संबंध में Dover या उसके किसी अधिकृत एजेंटों द्वारा निरीक्षण, ऑडिट, और जांच में सहयोग करना होगा। आपूर्तिकर्ताओं से आपूर्तिकर्ता द्वारा इस आपूर्तिकर्ता संहिता के अनुपालन के संबंध में Dover या इसके तृतीय पक्ष सलाहकारों के उचित अनुरोध में सहयोग करने की भी अपेक्षा है, जिसमें वित्तीय बहीखाते और अभिलेख, गुणवत्ता, सुरक्षा, और पर्यावरणीय अनुपालन शामिल हैं।



# निष्पक्ष और सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखें

### क. संरक्षा (सेफ्टी)

Dover के आपूर्तिकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे एक सुरक्षित, स्वच्छ, और सकुशल कार्यस्थल को बढ़ावा देंगे तथा लागू स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अनुपालन में परिचालन करेंगे। मानक, जिनमें शामिल हैं लेकिन उन्हीं तक सीमित नहीं, अग्नि-चेतावनी, अग्निशमन संबंधी अभ्यास, स्पष्ट रूप से चिह्नित आपातकालीन निकास, और अग्निशामक यंत्रों को आपातकाल की रोकथाम में मदद के लिए एहतियाती उपाय अपनाए जाने चाहिए। Dover यह भी चाहती है कि उसके आपूर्तिकर्ता उत्पाद सुरक्षा को नियंत्रित करने वाले सभी लागू कानूनों को जानें, समझें और उनका पालन करें।

**लाल झंडियों के उदाहरण**

- लागू सुरक्षा विनियमों या नीतियों का पालन करने में विफलता
- दुर्घटनाओं और चोटों की रिपोर्ट करने में विफलता
- असुरक्षित कार्यस्थल स्थितियां या व्यवहार जैसे कि उजागर खतरे, बाधित आपातकालीन निकासी, या सुरक्षा उपकरणों के उपयोग में विफलता
- कामगार शराब, गैरकानूनी नशीली दवाओं, या किसी अन्य पदार्थ का उपयोग करते हैं, अपने पास रखते हैं या उसके प्रभाव में रहते हैं जो उनके काम को सुरक्षित रूप से करने में व्यवधान डाल सकता है
- कार्यस्थल में हिंसा
- कामगारों को रहने के ऐसे स्थान उपलब्ध कराना जो साफ या सुरक्षित नहीं हैं, या मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं
- उत्पादक सुरक्षा और गुणवत्ता आवश्यकताओं का पालन करने में विफलता

### ख. नैतिक रोजगार प्रथाएं, उत्पीड़न, और गैर-भेदभाव नीति

Dover विविधतापूर्ण कौशलों, विचारों, और पृष्ठभूमियों को मान्यता देती है, और अपने आपूर्तिकर्ताओं, कार्यस्थलों से पेशेवर होने और भेदभाव, उत्पीड़न, और दुर्व्यवहार से मुक्त होने की मांग करती है। आपूर्तिकर्ताओं को कर्मचारियों और अपने व्यावसायिक परिचालन में अन्य लोगों के मानवाधिकारों की सुरक्षा और सम्मान करने की आवश्यकता है। प्रत्येक आपूर्तिकर्ता को, कर्मचारियों, अन्य कामगारों, और रोजगार के आवेदकों के संबंध में, जैसा लागू हो, यह करना आवश्यक है:

- प्रत्येक व्यक्ति से गरिमापूर्ण, निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार करें, और उन्हें कानून द्वारा प्रदत्त संपूर्ण सीमा तक समानता का अवसर प्रदान करें
- मेरिट के आधार पर रोजगार के निर्णय लेना
- नस्ल, रंग, धर्म, विकलांगता, राष्ट्रीय मूल, लिंग, यौन रुझान, लैंगिक पहचान और अभिव्यक्ति, वैवाहिक स्थिति, उम्र या स्थानीय कानूनों द्वारा संरक्षित अन्य विशेषताओं के आधार पर किसी के भी खिलाफ भेदभाव नहीं करना
- एक गैर-पेशेवर, आक्रामक, या शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण तैयार नहीं होने देनाऔर न ही उसकी अनुमति देना
- स्थानीय कानूनों के अनुपालन में किसी भी समूह के साथ जुड़ने या न जुड़ने के अधिकार का सम्मान करना
- सभी लागू मजदूरी और कार्यावधि संबंधी कानूनों का अनुपालन करें, और हम वह मजदूरी देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो बुनियादी जरूरतों को पूरा करे और कुछ विवेकाधीन आय प्रदान करे
- बाल श्रम संबंधी सभी लागू स्थानीय कानूनों का पालन करें और अपने कर्मचारियों की उम्र का रिकॉर्ड रखें
- जबरिया, बंधुआ, अनैच्छिक, बंदी, या गिरमिटिया मजदूरी का उपयोग न करें



- कर्मचारियों को धमकाएं नहीं या उन्हें शारीरिक, मानसिक, दंड या शारीरिक जबर्दस्ती या यौन उत्पीड़न का विषय न बनाएं
- यह सुनिश्चित करना कि कर्मचारी स्वैच्छिक आधार पर काम करते हों
- जानबूझकर मानव तस्करी से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला की सामग्रियों को न मंगवाएं और यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाना कि आपूर्तिकर्ताओं द्वारा इस आवश्यकता का पालन किया जाता हो

**लाल झंडियों के उदाहरण**

- न्यूनतम और अधिकतम मजदूरी, ओवरटाइम, और या कानूनी रूप से अनिवार्य लाभों से संबंधित कानूनों का अनुपालन करने में विफल रहना
- किसी बच्चे को रोजगार या काम के लिए भर्ती करना जो 15 वर्ष या काम के देश में अनिवार्य शिक्षा पूरी करने के लिए निर्धारित उम्र से कम हो
- किसी बच्चे को किसी ऐसे काम के लिए भर्ती करना जो उस बच्चे के स्वास्थ्य या सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकता है
- किसी ऐसी चिकित्सा जांच की आवश्यकता करना जिसका उपयोग भेदभावपूर्ण तरीके से हो सकता है, सिवाय उसके जहां पर लागू कानूनों द्वारा आवश्यक हो या जहां कार्यस्थल सुरक्षा के लिए ऐसा करना विवेकपूर्ण हो
- उत्पीड़नकारी व्यवहार जैसे कि अवांछित यौन लाभ लेना या शारीरिक आचरण, फब्तियां, शर्मिंदा करने वाले चुटकुले, या अपमानजनक टिप्पणियां या सामग्री
- मानव तस्करी या दासता से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं से सामग्री मंगाना
- किसी ऐसे कामगार को रोजगार पर रखना जिसका नियोक्ता उसकी मजदूरी तब तक रोकता है जब तक कि नियुक्ति शुल्क और संबंधित ब्याज का कर्ज चुकता न हो जाए और/या वह कर्मचारियों को रोजगार में बंधक बनाए रखने के लिए उनके आप्रवासी दस्तावेजों को रख लेता है

# समस्याओं से जुड़ी शिकायत करने के तरीके

Dover इस आपूर्तिकर्ता संहिता के उल्लंघनों को गंभीरता से लेती है और उपयुक्त होने पर वास्तविक या संदिग्ध दुराचरण की रिपोर्ट की जांच करती है। यदि कोई आपूर्तिकर्ता इस आपूर्तिकर्ता संहिता में शामिल किसी आवश्यकता का उल्लंघन करता है, तो Dover उससे संबंध समाप्त कर सकती है। उचित मामले में, Dover कदाचार को उपयुक्त अधिकारियों को भी भेज सकती है। आपूर्तिकर्ताओं को इस आपूर्तिकर्ता संहिता के ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन की रिपोर्ट करना चाहिए, इसके लिए Dover हेल्पलाइन का उपयोग किया जा सकता है।

**समस्याओं की शिकायत करना**

**Dover की ग्लोबल हॉटलाइन** 1-800-495-1775 पर (अमेरिका से कॉल के लिए) कॉल करें

**वेब-आधारित रिपोर्ट** www.thedoverhotline.com के माध्यम से

Dover Corporation, 3005 Highland Parkway, Suite 200, Downers Grove, IL USA 60515 को **डाक से भेजें** कानूनी विभाग (लॉ डिपॉर्टमेंट)

जहां स्थानीय कानून अनुमति देते हैं वहां आप गुमनाम तरीके से शिकायत कर सकते हैं। कृपया ध्यान रखें कि आप जितनी अधिक जानकारी प्रदान करेंगे, Dover के लिए जांच करना और आपकी शिकायत पर उचित रूप से प्रतिक्रिया देना आसान होगा। जब तक कि स्थानीय कानून द्वारा अन्यथा आवश्यक न हो, Dover उल्लंघन की शिकायतों के साथ गोपनीयता का व्यवहार करेगी।

आपूर्तिकर्ताओं को नेकनीयती से शिकायत करने वाले अपने कर्मचारियों के खिलाफ बदले की भावना नहीं रखनी चाहिए।





DOVER
3005 Highland Parkway, Downers Grove, IL 60515
(630) 541-1540 • dovercorporation.com